# 'खूनी' लापरवाहीः मासूमों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने के मामले में दिल्ली की दस्तक,जांच के नाम पर 'सफेदपोश' घेरेबंदी






**सतना।** मानवता को शर्मसार कर देने वाले 'एचआईवी संक्रमित खून' कांड ने सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की कलई खोल दी है। जिस अस्पताल पर मासूमों की जिंदगी बचाने की जिम्मेदारी थी,वहीं से उन्हें मौत का सामान बांटने की खबर ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है।

बुधवार को इस मामले की तपिश दिल्ली तक पहुंची,जिसके बाद ड्रग कंट्रोलर दिल्ली की दो सदस्यीय टीम जांच के लिए बुधवार को सतना पहुंची। लेकिन जांच की शुरुआत ही सवालों के घेरे में है।

### जांच दोषियों को सजा दिलाने के लिए है या सिस्टम के दाग धोने के लिए?

बुधवार को जब दिल्ली से आई टीम और सतना मेडिकल कॉलेज के डॉ.लोकेश त्रिपाठी जांच के लिए ब्लड बैंक पहुंचे,तो नजारा किसी जासूसी फिल्म जैसा था।पैथोलॉजिस्ट डॉ.देवेंद्र पटेल के चेंबर में घंटों 'गुप्त' गुफ्तगू चलती रही।आश्चर्य की बात यह है कि जैसे ही मीडियाकर्मी सच्चाई जानने पहुंचे,ब्लड बैंक के दरवाजे बंद कर दिए गए। हद तो तब हो गई जब खिड़कियों के कांच पर कागज चस्पा कर दिए गए ताकि अंदर की कार्यवाही बाहर न दिखे।

### अगर सिस्टम पाक-साफ है, तो मीडिया से परहेज क्यों?

क्या अंदर साक्ष्यों के साथ कोई खेल चल रहा था? स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि ब्लड बैंक प्रभारी ने कानून-व्यवस्था का हवाला देकर एसडीएम और भारी पुलिस बल बुलवा लिया। सतना के इतिहास में शायद यह पहली बार है जब किसी प्रशासनिक जांच में मीडिया को 'अराजक' मानकर गार्ड तैनात किए गए हों।

### खुद कटघरे में,फिर भी जांच टीम में?

इस पूरे प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सबसे बड़ा सवाल डॉ. देवेंद्र पटेल को लेकर खड़ा हो रहा है। बताया जा रहा है कि इस लापरवाही की जानकारी उच्चाधिकारियों को समय पर न देने के बावजूद उन्हें जांच प्रक्रिया के करीब रखा गया है। एड्स नोडल अधिकारी को तो नोटिस थमा दिया गया,लेकिन ब्लड बैंक प्रभारी पर मेहरबानी क्यों? क्या दोषी ही अपनी जांच खुद करेंगे? सूत्रों के मुताबिक, जांच टीम ने 'क्लिया' मशीन की रिपोर्ट देखी है जिसमें सभी को नेगेटिव बताया जा रहा है,लेकिन बड़ा सवाल उस 'एचआईवी कैरियर डोनर' पर है जिसका खून बच्चों के शरीर में पहुंच गया।

### सड़कों पर उतरा आक्रोश

अस्पताल की इस घोर लापरवाही ने अब राजनीतिक मोड़ ले लिया है।बुधवार को महिला कांग्रेस की पूर्व विधायक कल्पना वर्मा और वरिष्ठ नेत्री उर्मिला त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ब्लड बैंक पहुंचा और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि यह केवल लापरवाही नहीं,बल्कि मासूमों की हत्या का प्रयास है। इससे पहले मंगलवार को युवा कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर स्थानीय चिकित्सा अधिकारियों के निलंबन की मांग की थी। विपक्षी दलों ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों के भीतर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई,तो पूरा सतना उग्र आंदोलन का गवाह बनेगा।

### सिस्टम की सुस्ती और मासूमों का भविष्य

विडंबना देखिए कि इस संवेदनशील मामले के लिए राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय टीमें गठित तो कर दी गईं,लेकिन जमीन पर उनकी जांच अब तक शुरू नहीं हो पाई है। एक तरफ मासूमों के माता-पिता की आंखों में आंसू और भविष्य का डर है,तो दूसरी तरफ विभाग के कर्मचारी अपनी खाल बचाने में लगे हैं। सूत्रों का कहना है कि जिन कर्मचारियों की लापरवाही से यह कांड हुआ,उन्हें केवल 'फटकार' लगाकर खानापूर्ति की जा रही है। जिला अस्पताल का यह मामला केवल एक तकनीकी चूक नहीं है,बल्कि यह भ्रष्टाचार और गैर-जिम्मेदाराना रवैये का चरम है। क्या दिल्ली से आई टीम उन रसूखदारों पर हाथ डालेगी जो इस पूरे रैकेट या लापरवाही के पीछे हैं? या फिर इस मामले को भी बंद कमरों और फाइलों के नीचे दबा दिया जाएगा? जवाब का इंतजार उन मासूमों को है जिनकी रगों में अब डर दौड़ रहा है।

## कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**मैहर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड की अध्यक्षता में समय-सीमा प्रकरणों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों और विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर संजना जैन,सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह और जिले के सभी एसडीएम उपस्थित रहे। सर्व शिक्षा केंद्र की समीक्षा में बताया गया कि शालाओं में मैटर विजिट के लक्ष्य 732 के विरुद्ध 397 शालाओं में मेंटर विजिट किए गए हैं।कलेक्टर ने लक्ष्य के विरुद्ध 54 प्रतिशत उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 25 दिसंबर तक सभी स्कूलों में मेंटर विजिट कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में मैहर जिले में एफएलएन की स्थिति कमजोर पाई गई थी। स्थिति में सुधार लाएं। डीपीसी विष्णु त्रिपाठी ने बताया कि जिले में 8 भवन विहीन शालाओं के भवन निर्माण के लिए



विभागीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। जिले के स्कूलों में पाठय-पुस्तक छात्रों को गणवेश और निःशुल्क साइकिल का वितरण कर दिया गया है। पोर्टल पर जिले में 2519 बच्चे आउट ऑफ स्कूल प्रदर्शित हो रहे हैं। जिनका चिन्हांकन सर्वे कर शाला प्रवेश कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में शिक्षकों की ई-अटेंडेंस में काफी सुधार हुआ है। लगभग 81 फ़ीसदी लोक सेवक और संस्था प्रमुख नियमित रूप से ई-अटेंडेंस लगा रहे हैं। ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले संस्था प्रमुख में 115और लोक सेवकों में 372गेस्ट फेकल्टी में 66 और व्यवसायिक शिक्षक में दो शिक्षक शामिल हैं। कलेक्टर ने संबंधित बीईओ को मॉनिटर करने के निर्देश दिए।

## कल से 'ऑपरेशन सिंदूर' की थीम पर सजेगा 12 वां विंध्य व्यापार मेला, डिप्टी सीएम करेंगे उद्घाटन

### मेले का 15 करोड़ का कराया गया बीमा

**सतना।** विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित 11 दिवसीय भव्य 'विंध्य व्यापार मेला' कल,19 दिसंबर से कोलगवां थाने के सामने स्थित बीटीआई ग्राउंड में शुरू होने जा रहा है। इस वर्ष मेले को 'ऑपरेशन सिंदूर' की अनूठी थीम पर तैयार किया गया है,जो राष्ट्रवाद के रंगों से सराबोर होगा। मेले का औपचारिक उद्घाटन मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। मेले का 15 करोड़ का बीमा कराया गया है।

### सुरक्षा और भव्यता का संगम

बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चैंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा और महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि इस बार का मेला व्यापारिक और सुरक्षा,दोनों ही दृष्टिकोणों से ऐतिहासिक होने वाला है।

### 250 स्टॉल और 4 डोम

मेले में पहली बार लगभग 250 स्टॉल लगाए गए हैं,जिनकी शत-प्रतिशत बुकिंग हो चुकी है। पूरा परिसर धूल मुक्त रहेगा।

### हाई-टेक सुरक्षा

मेले की निगरानी के लिए 40 सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन तैनात किए गए हैं। साथ ही 24 घंटे सुरक्षा गाड्र्स मुस्तैद रहेंगे। तकनीकी संयोजक उत्तम बनर्जी ने बताया कि मेले का प्रवेश द्वार 120फीट चौड़ा और 50 फीट ऊंचा होगा,जिसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' की झलक दिखेगी। परिसर में कई स्थानों पर राष्ट्रवाद के प्रतीक स्थापित किए जा रहे हैं।




### मुख्य आकर्षणः कला और स्वाद

मेले में आने वाले दर्शकों के लिए प्रतिदिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। खान-पान के शौकीनों के लिए लजीज व्यंजनों की व्यवस्था। बच्चों और बड़ों के लिए विशाल झूले लगाए गए हैं। विशाल पार्किंग,फायर ब्रिगेड और पुलिस बल की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

### 30 हजार दर्शकों की उम्मीद

मेला प्रबंधक उमेश प्रताप सिंह 'लाला' ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 30 हजार लोगों के आने की संभावना है। आयोजन समिति का लक्ष्य इस वर्ष के मेले को पिछले सभी आयोजनों से अधिक व्यवस्थित और खूबसूरत बनाना है। मेले में हर दिन केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कल

**सतना।** अनुसूचित जाति,जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं अत्याचार निवारण नियम संषोधित 2016 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतना डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में अब 19 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गई है।जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि बैठक में अधिनियम 1989 के अंतर्गत नियम 1995 संशोधित 2016 के तहत विभिन्न उपबंधों के तहत विभिन्न श्रेणी के प्रकरण स्वीकृत और भुगतान राशि,विभिन्न श्रेणी के पीड़तिो को स्वीकृत एवं भुगतान राशि,अधिनियम के उपबंधो के क्रियान्वयन के लिये जिम्मेदार अधिकारियों एवं अभिकरणों की भूमिका के संबंध में,विशेष न्यायालय में अधिनियम के अंतर्गत विचाराधीन एवं निराकृत मामलों एवं पुलिस में दर्ज प्रकरण और अनुसंधान में लंबित मामलों के संबंध में चर्चा की जायेगी।

**कार्यालय माँ शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति मैहर जिला मैहर (म.प्र.)**
E-mail-mspsmaihar@gmail.com Mandir Samiti GST Number-23AAAM0692ZCIZH

क्र./867/2025 **तृतीय निविदा सूचना** दिनांक 15-12-2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माँ शारदा देवी मेला परिक्षेत्र में 01 (एक वर्ष की अवधि के लिये) नये वाहनों के पूजा कराने हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार दिनांक 29/12/2025 को सायं 3:00 बजे तक कार्यालय से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 29/12/2025 को सायं 4:00 बजे तक मुहरबंद निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा शर्तों का अवलोकन कार्यालय माँ शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति मैहर में कायार्लीन समय किया जा सकेगा।

| | नये वाहन पूजा | शासकीय बोली | निविदा प्रपत्र (फार्म) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| | नये वाहन पूजा 01 वर्ष (एक वर्ष की अवधि हेतु) | 8,52,000 /- (आठ लाख बावन हजार रुपए मात्र) | 500/- | 85,000/- |

प्रशासक
माँ शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति जिला मैहर (म.प्र.)

### 'विधानसभा की सात दशकों की यात्रा' फोटो एलबम का विमोचन

**मैहर।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विधानसभा में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में फोटो प्रदर्शनी एलबम का विमोचन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग में नई नियुक्तियाँः डॉ.मनोज शुक्ला बने प्रभारी सीएमएचओ

**सतना।** जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रशासनिक ढांचे में बदलाव किया गया है। डॉ.मनोज शुक्ला को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का प्रभार सौंपा गया है। इसके साथ ही अमर सिंह को सिविल सर्जन की जिम्मेदारी दी गई है।

### सुशासन दिवस की शपथ 24 दिसंबर को प्रातः 11 बजे

**सतना।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम माप दण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुये उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिवस पूर्व 24 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना जरूरीः धर्मेश

**मैहर।** ग्राम अमदरा में अमर शहीद शंकर सिंह पटेल की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल मुकाबला कैलवारा टीम ने जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। श्री घई ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है,बस उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर की आवश्यकता है। इस दौरान वरिष्ठ नेता चूड़ामणि बाढौलिया,अमजद खान,सुरेंद्र पटेल सहित भारी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

### ऑटो में महिला चोरों का आतंक

**सतना।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सर्किट हाउस से मुख्तियारगंज रोड पर चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। एक महिला,जो अपने रिश्तेदार के यहाँ निमंत्रण में आई थी, ऑटो से सफर कर रही थी।इसी दौरान ऑटो में सवार एक अन्य महिला चोर ने बड़ी सफाई से पीड़िता के मंगलसूत्र का लॉकेट काट लिया और मौका पाकर फरार हो गई।

### बैंक से पैसे निकाल कर जा रही महिला का झोला कटा

**सतना।** अमरपाटन में भी ऑटो सवार महिला चोर गिरोह ने एक वारदात को अंजाम दिया।स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया से अपने पिता के खाते से पैसे निकालकर ऑटो में बैठी एक महिला के झोले को काटकर 30 हजार रुपये चोरी कर लिए गए। बगल में बैठी दो संदिग्ध महिलाओं पर घटना को अंजाम देने का आरोप है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एकेएस यूनिवर्सिटी के भौतिकी विभाग के मार्गदर्शन में मौसम पूर्वानुमान उपकरण का अनोखा डिजाइन पेटेंट पंजीकृत

**सतना।** सूर्य की परिवर्तनशीलता और जियोमैग्नेटिक तूफानों के पृथ्वी की जलवायु पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर भारतीय वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। एकेएस यूनिवर्सिटी, सतना के शैक्षणिक एवं अनुसंधान मार्गदर्शन में मौसम पूर्वानुमान के क्षेत्र में उपयोगी 'वेदर प्रेडिक्शन डिवाइस' के अभिनव डिज़ाइन को डिज़ाइन्स एक्ट,2000 के तहत पंजीकरण प्राप्त हुआ है। यह पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या एनबी 467981-001,क्लास 10-04 में जारी किया गया है। डिज़ाइन्स कार्यालय के अनुसार यह डिज़ाइन विशेष रूप से मौसम पूर्वानुमान उपकरण पर लागू है और इसके अनूठे स्वरूप को कानूनी संरक्षण प्रदान करता है। इस उपलब्धि के पीछे आठ सदस्यीय शोधकर्ता दल का योगदान रहा है जिसमें डॉ.शाम सिंह, डॉ. ओंकार प्रसाद त्रिपाठी, डॉ. हरसिमरंजोत कौर, डॉ. श्रीराम लहौरिया, डॉ. साकेत कुमार, मिस स्वप्निल गर्ग, मिस पलक सिंह ठाकुर एवं डॉ.रश्मि शर्मा शामिल हैं। यह उन्नत उपकरण सूर्य चक्र की परिवर्तनशीलता, जियोमैग्नेटिक तूफानों से उत्पन्न ऊर्जा में होने वाले बदलाव तथा वायुमंडलीय तापमान प्रभावों का वास्तविक समय में विश्लेषण करता है। वैज्ञानिकों के अनुसार सूर्य की पराबैंगनी किरणें समताप मंडल में ओजोन निर्माण को प्रभावित करती हैं,जिससे मौसम के पैटर्न बदलते हैं,वहीं जियोमैग्नेटिक तूफान आयनमंडल को गर्म कर जीपीएस, संचार व्यवस्था और विद्युत ग्रिड पर असर डालते हैं।




इस परियोजना से जुड़े डॉ.ओंकार प्रसाद त्रिपाठी, डॉ.साकेत कुमार तथा शोधार्थी स्वप्निल गर्ग और पलक सिंह ठाकुर ने बताया कि यह उपकरण सौर गतिविधियों और जलवायु के आपसी संबंधों को बेहतर ढंग से समझने में सहायक सिद्ध होगा। इससे किसानों,आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों और योजनाकारों को समय रहते अधिक सटीक पूर्वानुमान मिल सकेगा। शोधकर्ताओं का दावा है कि बाढ़, लू और अनियमित मानसून जैसी चुनौतियों के बीच यह डिवाइस मौसम पूर्वानुमान की त्रुटियों को लगभग 30 प्रतिशत तक कम करने की क्षमता रखता है। टीम अब इसके व्यावसायिक प्रोटोटाइप और लाइसेंसिंग की दिशा में आगे बढ़ रही है। जलवायु प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में यह डिज़ाइन पंजीकरण न केवल वैज्ञानिकों की मेहनत का प्रमाण है,बल्कि एकेएस यूनिवर्सिटी के अनुसंधान-केंद्रित मार्गदर्शन को भी राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने वाला कदम माना जा रहा है।

हरिभूमि




**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण** - 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछनी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता - नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- धिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण**- 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण** – 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुज़ूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाघमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण** - 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जंगली जानवर के हमले से वृद्ध हुआ घायल



अजयगढ़। अजयगढ़ जनपद पंचायत अनर्गत वन विभाग के धवारी बीट के अनर्गत जंगली जानवर के हमले से एक ब्द्ध के के गंभीर घायल होने का मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान बट्टू लाल विश्वकर्मा पिता हल्काई उम्र 60 वर्ष निवासी धवारी अपने खेत मे दोपहर मे खेत मे पानी लगा रहा था तभी अचानक जंगली जानवर ने ब्द्ध के ऊपर हमला कर दिया।जब ब्द्ध काफी देर तक घर नहीं आया तो घर वालो ने खेत मे जाकर देखा तो ब्द्ध घायल अवस्था मे खेत मे डला हुआ था घटना की जानकारी परिजनों ने बीट गार्ड अनिल राजपूत को खबर दी जिनके द्वारा तुरंत ही मौके पर पहुँच कर घायल को अपने वाहन से अजयगढ़ अस्पताल लाया गया जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद वाहन व्यवस्था न होने के कारण तुरंत प्राइवेट वाहन करके जिला अस्पताल के लिए रेफेर किया गया। बीट गार्ड के द्वारा तुरंत ही घटना की जानकारी रेंजर अजयगढ़ को दी गई जिनके द्वारा तुरंत ही डिप्टी रेंजर अजयगढ़ मुकेश रैकवार को घायल के इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भेजा।

### पटना तमोली के छात्रों का शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण



पन्ना। पटना तमोली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत औद्योगिक एवं शैक्षिक भ्रमण के लिए ।ड्डै यूनिवर्सिटी, सतना ले जाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, विज्ञान, कृषि विज्ञान तथा व्यावसायिक शिक्षा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय में संचालित विज्ञान, कृषि विज्ञान एवं व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित आधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। विशेषज्ञों द्वारा प्रयोगशालाओं में होने वाले कार्यों, तकनीकों और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई, जिससे विद्यार्थियों के शैक्षिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में सहायता मिली। इस व्यावसायिक भ्रमण का सफल संचालन विद्यालय के प्राचार्य राम भुवन चौरसिया के मार्गदर्शन में किया गया। भ्रमण में व्यावसायिक शिक्षक अमित चौरसिया एवं ऋषिराज पाटकर के साथ सहयोगी शिक्षकों के रूप में रेणुका सोनी, अलका मिश्रा, सुखेंद्र राजा एवं निखिल चौरसिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण को विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### जनसुनवाई में हुई 20 आवेदनों पर कार्यवाही



पन्ना। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 20 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

### श्रीपाल लोधी का दुखद निधन, 18 दिसंबर को होगा अंतिम संस्कार



पन्ना। अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम छानिन निवासी श्रीपाल लोधी का दुखद निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से ग्राम सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। श्रीपाल लोधी एक सरल, मिलनसार एवं सामाजिक स्वभाव के व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवन में परिवार और समाज के प्रति सदैव जिम्मेदारी का निर्वहन किया। स्वर्गीय श्रीपाल लोधी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके बड़े पुत्र श्री अंबिका प्रसाद लोधी, द्वितीय पुत्र श्री रमाशंकर लोधी शिक्षक तथा तृतीय पुत्र श्री शिव प्रसाद लोधी शिक्षक हैं और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उनके पुत्रों एवं परिजनों को इस अपूरणीय क्षति से गहरा आघात पहुंचा है।

पेंशनर्स डे पर बोली कलेक्टर

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निराकरण

पन्ना।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा पन्ना के तत्वाधान में आज जिला पंचायत सभागार में पेंशनर्स डे का गरिमामयी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर श्रीमती उषा परमार उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने की। कार्यक्रम का आगाज माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर पंडित भगवत प्रसाद मिश्रा के मार्गदर्शन में सरस्वती संगीत विद्या मंदिर की छात्राओं ने मनमोहक सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मंच पर विशेष अतिथि के रूप में अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह परमार और भाजपा नेता रामावतार पाठक भी उपस्थित रहे।

**पेंशनर्स की प्रमुख मांगें -**

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मुरारीलाल थापक ने स्वागत भाषण देते हुए पेंशनर्स की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा ष्हमारी मुख्य मांग है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शासकीय कार्यालयों या बैंकों में अपनी समस्याओं के लिए लाइन में न लगना पड़े। उनका काम प्राथमिकता के आधार पर और त्वरित होना चाहिए। हम समय-समय पर सामूहिक और व्यक्तिगत समस्याओं की ओर शासन का ध्यान आकर्षित करते रहते हैं।ष

**कलेक्टर का आश्वासन -**

पेंशनर्स को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती उषा परमार ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में अनुभवी अधिकारियों-कर्मचारियों के बीच उपस्थित होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने पेंशनर्स की मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहारू ष्मैं विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ बैंक प्रबंधकों को भी पत्र जारी कर निर्देशित करूँगी कि पेंशनर्स को किसी भी कार्य के लिए प्रतीक्षा न करनी पड़े।



उन्होंने ने कहा कि आप सभी के लिए मेरे कार्यालय के दरवाजे हमेशा खुले हैं। आपकी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आईसीआईसीआई और भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार साझा किए और पेंशनर्स के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। आयोजन में जिले भर के सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**80 वर्ष से ऊपर सेवानिवृत कर्मचारियों का किया गया सम्मान**

इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद 80 वर्ष से ऊपर जिन सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान किया गया उनमें पी एन खरे, फूलचंद विश्वकर्मा, सीताराम साहू, श्यामलाल पांडे, बाबूलाल वर्मा, किशोरी लाल श्रीवास्तव, जगदीश प्रसाद खरे, राम अवतार तिवारी, श्रीमती कमला खरे, महंगू रैकवार, वेद प्रकाश मिश्रा, राजाराम पांडे, बुद्ध सिंह, लक्ष्मी प्रसाद समारी, भगवत प्रसाद मिश्रा, केपी मिश्रा, रामकुमार मिश्र, गुलाब खान, राधेलाल गुप्ता, राजेंद्र कुमार जैन, जी पी पांडे, शिवशंकर चंसोरिया, राधा कृष्ण शर्मा, जगदीश खरे, वीरेंद्र रिछारिया,धनेश खरे । कार्यक्रम का सफल संचालन सेवा निमित्त शिक्षा रामेश्वर प्रसाद खरे द्वारा किया गया।

**इनकी रही उपस्थित -**

प्रदीप मिश्रा, राकेश जैन, अनिल जैन, स्वामी प्रसाद गंगेले, अरुण मिश्रा, लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, महेश सिंह परमार, शहर के काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अमानगंज में जल्द स्थापित होगा पुस्तकालय - अध्यक्ष नगर निकाय


### अमानगंज में पेंशनर सम्मान समारोह हुआ आयोजित जेके सीमेंट कंपनी के द्वारा सैकड़ो कर्मचारियों का किया सम्मान

**अमानगंज।** नगर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पेंशन सम्मान समारोह और उनका आपसी मिलन समारोह संपन्न हुआ। यह आयोजन नगर परिषद कार्यालय परिसर में नगर निकाय के विशेष सहयोग से आयोजित हुआ। जिसमें सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से मां सरस्वती और भारत माता की पूजा अर्चना करने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तद्उपरांत सरस्वती वंदना और राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। सभी अतिथियों का सम्मान नगर निकाय कर्मचारी एवं पेंशन कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश प्रतिनिधि पंडित जयप्रकाश चतुर्वेदी घोषित किए , जबकि कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता का दायित्व नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक को दिया गया और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य एस के शर्मा , पार्षद मुकेश जी चौबे,प्राचार्य मनीष रेजा, पूर्व अध्यक्ष लखन जी तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में घोषित किए गए।कार्यक्रम की शुरुआत पेंशनर समाज के तहसील अध्यक्ष अवधेश जी चतुर्वेदी द्वारा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक ने ना कहा कि जल्द ही हम अमानगंज में एक पुस्तकालय लाइब्रेरी का निर्माण कर रहे हैं जिसमें हर प्रकार की किताबें आप सबको पढ़ने को मिलेगी और एकरूपता के साथ आप लोग एक साथ बैठा करेंगे यह मांग जो आज सामने आई है इसे हम हर हाल में पूरा करेंगे अपने अपने उद्बोधन के माध्यम से सभी के स्वास्थ्य जीवन की कामना करते हुए सबका आशीर्वाद सदा बनाए रखने की अपील भी की लखन जी तिवारी ने अपने उद्बोधन के माध्यम से कहा कि पेंशनर समाज संगठन की नीव मैंने रखी थी, जो आज मजबूती से खड़ी है कार्यक्रम के अंत में सभी पेंशन समाज के कर्मचारियों का सम्मान शाल पेन डायरी देकर किया गया। जिसमें तकरीबन 100 से सवा सौ की संख्या में सेवा मुक्त पेंशनर समाज के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## जवाहर सहकारी विपणन समिति धान खरीदी केंद्र कृषि उपज मंडी देवेंद्रनगर में परिवहन ना होने से धान तुलाई कार्य होगा बंद - शाखा प्रबंधक रामदुलारे पटेल





पन्ना।

शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का प्रारंभ है। जिसमें जवाहर सहकारी विपणन समिति धान खरीदी केंद्र के शाखा प्रबंधक रामदुलारे पटेल ने बुधवार को शाम 4 बजे जानकारी देते हुए बताया है कि अबतक 263 किसानो से 15903. कुंटल 60किलो धान खरीदी की जा चुकी है जिसमें 4640 कुंटल परिवहन हुआ है और शेष 11263 कुंटल 60 किलो शेष परिवहन के लिए बचा है। और शाखा प्रबंधक ने बताया कि धान का परिवहन ना होने की वजह से किसानों का पैसा नहीं आएगा और परिवहन करता द्वारा बोला जाता है कि बड़ागांव वेयरहाउस के लिए गाड़ी धान की लोड नहीं करोगे ना में बिल्टी जारी करूंगा। वही शाखा प्रबंधक ने परिवहन ना होने पर शासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर परिवहन नहीं होगा तो मैं कल से धान खरीदी का कार्य बंद कर दूंगा जिससे किसान और ज्यादा परेशान होंगे किसान शासन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है इसमें मेरे द्वारा नान डीएम को दो दिनों से लगातार जानकारी दे रहा हूं इसमें कोई एक्शन ही नहीं हो रहा है सबसे बड़ी समस्या परिवहन की है जब खरीदी के लिए जगह नहीं होगी तो कल से खरीदी प्रभावित होगी और किस 10 दिनों से लगातार मेरे पास आ रहे हैं बोलते हैं कि हमें धान तुलवाय 10 दिनों से अधिक हो गए है हमारे पैसे नहीं आए है जब तक किसानों की तुली हुई धान का परिवहन नहीं होगा जब तक किसानों का पैसा ही नहीं आप आएगा।

## सड़क हादसे में पुलिस आरक्षक अजय भास्कर का निधन, पुलिस विभाग में शोक की लहर

पन्ना।

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मझपहरा घाटी के पास आज बुधवार सुबह एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में पुलिस आरक्षक अजय भास्कर (45 वर्ष) का निधन हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए इस हादसे के बाद पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पन्ना कोतवाली में पदस्थ और जगात चौकी निवासी आरक्षक अजय भास्कर (पिता स्वर्गीय भूपत भास्कर) आज दिनांक 17 दिसंबर 2025, बुधवार सुबह करीब 9रू30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से अमानगंज मार्ग की ओर निकले थे। इसी दौरान मझपहरा घाटी स्थित भैरव मंदिर बरिया पेड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।



**अस्पताल में तोड़ा दम**

घटना के तुरंत बाद घायल आरक्षक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद उनकी स्थिति गंभीर बनी रही और अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

**कल दी जाएगी अंतिम विदाई**

पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, कल दिनांक 18 दिसंबर 2025 को सुबह पुलिस लाइन पन्ना में श्पुलिस रेगुलेशनश के पूर्ण सम्मान के साथ उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। विभागीय सम्मान और गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात पार्थिव देह परिजनों को सौंप दी जाएगी। बताया गया है कि आरक्षक का अंतिम संस्कार उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में किया जाएगा। इस दुखद घटना से पन्ना पुलिस परिवार में शोक व्याप्त है और वरिष्ठ अधिकारियों सहित साथी कर्मचारियों ने अजय भास्कर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

## स्कूलों में नामांकन अनुरूप सुनिश्चित करें विद्यार्थियों की उपस्थिति

**भ्रमण व मॉनिटरिंग के जरिए शैक्षणिक व्यवस्था को प्रभावी बनाने का हो प्रयास**

**कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक**



पन्ना। कलेक्टर ऊषा परमार ने कहा है कि सभी शासकीय शालाओं में नामांकन के अनुरूप विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। शैक्षणिक व्यवस्था एवं गतिविधियों में सतत सुधार का प्रयास हो। फील्ड स्तरीय अधिकारी निरंतर भ्रमण एवं मॉनिटरिंग कर अपेक्षित सुधार की यथोचित कार्यवाही करें। जिला कलेक्टर द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए गए। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे, डीपीसी अजय गुप्ता एवं सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती परमार ने स्कूलों की व्यवस्था तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं सहित छात्रवृत्ति एवं पुस्तक व सायकिल वितरण की जानकारी ली। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग के माध्यम से विद्यालयों में प्रदत्त सुविधाओं तथा विद्यार्थियों के हित में संचालित लैपटॉप व स्कूटी की राशि वितरण संबंधी जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही आगामी बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए विभाग स्तर पर समन्वित प्रयास तथा मॉनीटरिंग की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि त्रैमासिक और अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर भी बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को आवश्यक तैयारी कराई जाएगी। जिला कलेक्टर ने आगामी माह से हमारे शिक्षक एप में ई-अटेंडेंस के आधार पर वेतन आहरण के सख्त निर्देश भी दिए। बैठक में सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों से शाला निरीक्षण और शैक्षणिक गतिविधियों सहित कम नामांकन वाले स्कूलों के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही समय-समय पर निजी विद्यालयों के निरीक्षण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि शाला में अनुपस्थित बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर अनुपस्थिति का कारण जानने का प्रयास करें। नवीन शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के दौरान संधारित संपर्क पंजी अनुसार वांछित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों की उपस्थिति पर विशेष रूप से फोकस करें। आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ में तय समयावधि के भीतर शासकीय शालाओं के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान स्कूलों में बालिका शौचालय की सुगम व्यवस्था सहित टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने अधीनस्थ लोकसेवकों के कार्यों की मॉनीटरिंग, छात्रावास में निवासरत विद्यार्थियों की बेहतर व्यवस्थाओं तथा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के भी तय समयावधि में निराकरण के निर्देश दिए।

# पन्ना में रेत माफिया बेखौफ, केन, रूंज और बाघिन नदियों का सीना छलनी, प्रशासन मौन

पन्ना।

मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में रेत का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पन्ना विधानसभा के अजयगढ़ क्षेत्र में बहने वाली जीवनदायिनी नदियांकृ केन, रूंज और बाघिनकृवर्तमान में रेत माफिया के चंगुल में हैं। एनजीटी (छळज) के नियमों को ताक पर रखकर मशीनों के जरिए नदियों का अस्तित्व मिटाया जा रहा है।

**पुलों पर मंडराया खतरा, ग्रामीण आक्रोशित**

अजयगढ़ क्षेत्र में माफियाओं ने दुस्साहस की सारी हदें पार कर दी हैं। नदी के पानी के बीचों-बीच भारी मशीनें (पोकलेन और जेसीबी) उतारकर रेत निकाली जा रही है। विशेष रूप से पुलों के समीप हो रहे उत्खनन से पुल की बुनियाद खोखली हो रही है, जिससे भविष्य में बड़े हादसे की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि भारी-भरकम डंपरों के कारण क्षेत्र की सड़कें भी पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं।



**प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल-**

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पुलिस और खनिज विभाग की कार्रवाई केवल दिखावा है। विभाग अक्सर गरीब किसानों के एक-दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़कर अपनी पीठ थपथपाता है, लेकिन नदी के बीच मशीनें चला रहे बड़े बालू माफियाओं पर हाथ डालने से कतराता है। ग्रामीणों में इस श्दोहरे मापदंड को लेकर भारी आक्रोश है।

**मुख्य चिंताएं-**

पर्यावरण की तबाही- मशीनों के उपयोग से जलीय जीवन और नदी का प्राकृतिक बहाव खत्म हो रहा है। बुनियादी ढांचे को नुकसान- पुलों और सड़कों की हालत जर्जर हो रही है। अवैध परिवहनरू रात-दिन दौड़ते ओवरलोड डंपर राहगीरों के लिए काल बन रहे हैं।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर बलात्संग कारित करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं जुर्माना

पन्ना।

त्ला अभियोजन संचालनालय पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 13.02.2024 को पीड़िता पेपर देने गई थी। दोपहर करीब 1.00 बजे तक जब पीड़िता घर वापस नहीं पहुंची तो पीड़िता के पिता ने सहेलियों से पूंछा तो सहेलियों ने बताया कि पेपर देने स्कूल तक साथ में गई है, वापस आते समय नहीं मिली है। इसके बाद फरियादी ने पीड़िता की तलाश की, किन्तु उसका पता नहीं चला, उसकी रिश्तेदारियों में भी तलाश की, किन्तु उसका पता नहीं चला। उसे शंका हुई कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बच्ची को बहला फुसलाकर कहीं भगाकर ले गया है। फरियादी द्वारा थाना गुनौर में अपनी बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर थाना गुनौर में अज्ञात के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। पीड़िता के दस्तयाब होने के उपरांत उसके कथन अंकित किये गये। पीड़िता के कथनों के आधार पर धारा-366ए 376(1) सं एवं धारा-3/4 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना मे लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय श्रीमान अरविन्द कुमार शर्मा, विशेष न्यायाधीश(पॉक्सो एक्ट) जिला पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक/सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी- महबूब उर्फ बाबू खान के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी- महबूब उर्फ बाबू खान को धारा 366 भादसं में 07 वर्ष का कठोर कारावास एवं 3000/- रूपए का अर्थदण्ड, धारा 3/4(1) पॉक्सों एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## कमताना सोसायटी के धान खरीदी केंद्र कृष्णा वेयर हाउस पर किसान परेशान

### कृष्णा वेयर हाउस में तौले गए धान का नहीं हो रहा भंडारण

**अमान गज** पन्ना जिले के । कमताना सोसायटी अंतर्गत धान खरीदी केंद्र कृष्णा वेयरहाउस में किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन द्वारा तय किए गए धान खरीदी के नियम किसानों की चिंता बढ़ा रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि धान की तौल हो जाने के बावजूद उसका भंडारण नहीं किया जा रहा है।किसानों का कहना है कि कई दिनों से वे खरीदी केंद्र के चक्कर काट रहे हैं। धान की तौल तो कर ली गई है, लेकिन उसे गोदाम में रखने से मना किया जा रहा है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक तनाव भी झेलना पड़ रहा है।इस संबंध में कृष्णा वेयरहाउस भंडारण केंद्र के सर्वेयर ने बताया कि धान का कलर (रंग) मानक के अनुरूप नहीं होने के कारण भंडारण नहीं किया जा रहा है। नियमों के तहत गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर धान स्वीकार नहीं किया जा सकता।वहीं किसानों का आरोप है कि जब धान की तौल कर ली गई, तो भंडारण से इनकार करना अनुचित है। इससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि खुले में रखा धान खराब होने का भी खतरा बना हुआ है।किसानों ने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि वे मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण करें और समस्या का शीघ्र समाधान निकालें, ताकि किसानों को राहत मिल सके। किसानों का आरोप है कि उन्होंने ग्रेडिंग का रुपए भी खर्च कर लिया और धान की सफाई की गई मगर धन अब भंडारा नहीं हो रही है जिससे किसानों के रुपए भी उनके खाते में नहीं आएगा और किसान आर्थिक रूप से परेशान रहेगा वहीं पूरे मामले की जानकारी जैसे ही अमानगंज मंडल के पूर्व मंडल महामंत्री भाजपा नेता प्रदीप अवस्थी को लगी तो उन्होंने पूरे मामले की सूचना गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा एवं स्थानीय प्रशासन को दी जिसके बाद विधायक के संज्ञान लेने पर हरकत में आए प्रशासन द्वारा किसानों से बात करने का आश्वासन देकर समस्या का समाधान करने की बात कही1



**खबर संक्षेप**

## नशे में धुत पुलिसकर्मी ने मचाया कहर

छतरपुर। शहर में मंगलवार की देर रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जब नशे में धुत एक पुलिसकर्मी ने कार चलाते हुए एक के बाद एक दो हादसों को अंजाम दे दिया। पहली घटना सिटीकार्ट के सामने हुई, जहां कार की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। इसके बाद आरोपी ने भागने की कोशिश में स्टेडियम के सामने दोबारा एक बैल को टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। कार की तलाशी में शराब की बोतलें बरामद हुई हैं। जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान अजय अहिरवार के रूप में हुई है, जो वर्तमान में छतरपुर पुलिस लाइन में आरक्षक वाहन चालक के पद पर पदस्थ है। बताया जा रहा है कि वह अत्यधिक शराब के नशे में कार चला रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। देर रात पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पुलिसकर्मी अजय अहिरवार को सस्पेंड कर दिया है।

## एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा ग्राम-चरगोड़ा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी सीएसआर पहलों के अंतर्गत दिनांक 16 दिसंबर 2025 को ग्राम चरगोड़ा में वर्ष का पाँचवाँ ग्राम स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस शिविर के माध्यम से आसपास के ग्रामीण समुदायों को सुलभ, समावेशी एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता पुनः उजागर हुई। स्वास्थ्य शिविर में कुल 411 पंजीकरण दर्ज किए गए, जिनमें 176 पुरुष, 208 महिलाएँ एवं 27 बच्चे शामिल रहे। यह आँकड़े सामाजिक रूप से समावेशी स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एनटीपीसी के केंद्रित प्रयासों को दर्शाते हैं। शिविर में मोबाइल मेडिकल यूनिट से डॉ. सनी कपूर एवं डॉ. ज्योति सिंह सहित विंध्याचल अस्पताल के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने सेवाएँ प्रदान कीं, जिनमें डॉ. मयूराक्षी भराली, प्रबंधक (चिकित्सा), डॉ. भागवत सिंह लोधी, उप प्रबंधक (चिकित्सा), डॉ. लवकुश पांडेय, अधिकारी (चिकित्सा) के साथ सुश्री सविता पटेल एवं अस्पताल स्टाफ शामिल थे। इस अवसर पर श्री माहताब आलम, उप महाप्रबंधक (सीएसआर/आरएंडआर) ने भी उपस्थिति दर्ज कराते हुए शिविर के समन्वय एवं प्रभावी संचालन की निगरानी की।

## स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प, शहर में निकली स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा



छतरपुर। कैट (कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को शहर में स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 परिसर से किया गया। कैट के जिला अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 10 बजे उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 में आयोजित सभा में उपस्थित नागरिकों एवं व्यापारियों को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा शहर भ्रमण के लिए रवाना हुई। रथ यात्रा उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 से प्रारंभ होकर छत्रसाल चौराहा, चौबे तिराहा, बस स्टैंड एवं चौक बाजार से होते हुए पुनः छत्रसाल चौक पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। यात्रा के दौरान लोगों से स्वदेशी उत्पादों के अधिक से अधिक उपयोग एवं विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आग्रह किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी, संगठन के पदाधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनकर उनके कौशल अनुरूप रोजगार देने के निर्देश

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन बरेठी सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण किया

### कलेक्टर ने एनटीपीसी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए

**छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल एवं एसपी अगम जैन ने बरेठी में सोलर पावर प्लांट के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया। साथ ही एनटीपीसी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम बिजावर विजय द्विवेदी, सटई तहसीलदार आदित्य सोनकिया, एसडीओपी सहित परियोजना से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर अधिकारियों ने पौधरोपण भी किया।**

कलेक्टर श्री जैसवाल ने सोलर मॉड्यूल पाइलिंग कार्य, इन्वर्टर कंट्रोल स्टेशन तथा सबस्टेशन में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही परियोजना का पूरा काम निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए और कब्जा हटाने संबंधी कार्यवाही के राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान



कलेक्टर ने सांदनी ग्राम से आए कुछ ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और अधिकारियों को उचित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि परियोजना के कार्य में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता से उनकी कौशल क्षमता अनुरूप रोजगार दिया जाए। परियोजना प्रमुख राजेश शर्मा ने बताया कि बरेठी परियोजना 2809 एकड़ भूमि पर स्थापित की जा रही है। लगभग 2750 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह एक सौर ऊर्जा परियोजना है। जिसकी क्षमता 630 मेगावाट होगी। परियोजना के अंतर्गत सौर मॉड्यूल, पूलिंग सबस्टेशन का कार्य एवं ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण तीनों कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। इस संयंत्र से उत्पन्न बिजली की आपूर्ति ईशानगर सब स्टेशन को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि परियोजना से बिजली उत्पादन 31 दिसंबर 2026 तक प्रारंभ हो जाएगा। निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अनुरूप प्रगति पर है। यह परियोजना न केवल प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगी। बल्कि हरित ऊर्जा उत्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध होगी।

## लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट की भव्य शुरुआत, केजीएन क्लब ने उद्घाटन मुकाबला जीता



**नौगांव।** राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में मेला महा उत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत आज लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट के रूप में हुई। टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

बुधवार सुबह 11 बजे उद्घाटन मुकाबला केजीएन क्लब और सरस्वती क्लब के बीच खेला गया, जिसमें केजीएन क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। पहले दिन कुल चार मुकाबले खेले गए। इस लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में लगभग 74 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जबकि फाइनल मुकाबला 1 तारीख को खेला जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, क्रीड़ा सभापति ज्योति अमित तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजुल सक्सेना सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी ने कहा कि सभी नागरिकों के सहयोग से मेला महा उत्सव पिछले 70 वर्षों से निरंतर सफलता के साथ आयोजित हो रहा है, जो नगर की सांस्कृतिक और खेल परंपराओं को जीवंत बनाए हुए है। वहीं पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह ने कहा कि आने वाले समय में अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान किसी वरिष्ठ एवं नामचीन क्रिकेटर को आमंत्रित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टेडियम में विकास कार्य लगातार जारी हैं और शीघ्र ही यहां एक नया पवेलियन भी बनकर तैयार होगा।

# 22 मकानों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## सड़क मार्ग पर लोगों ने किया था कब्जा, प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया

**छतरपुर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थित हुसैन मस्जिद के पीछे बने 22 मकानों पर बुधवार सुबह प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई की। नगर पालिका, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई, जबकि पूरे घटनाक्रम पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी गई। भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच मकानों को ध्वस्त किया गया।**

प्रशासन का कहना है कि ये मकान सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए थे। गोपाल टौरिया की ओर जाने वाले मार्ग पर कब्जा किए जाने के कारण सड़क चौड़ीकरण में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इसी को लेकर पहले ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए थे। एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि सभी अतिक्रमणकारियों को तीन बार नोटिस दिए गए थे और समझाइश भी दी गई थी।

कुछ लोगों ने स्वयं अतिक्रमण हटा लिया था, जबकि शेष के खिलाफ बुधवार को कार्रवाई की गई। लगभग 20 लोगों की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया है। वहीं वार्ड पार्षद अब्बास अली ने प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जिन मकानों को तोड़ा गया, वे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए थे। ऐसे में लोगों को बेघर करना अन्यायपूर्ण है।



सीएसपी अरुण सोनी ने बताया कि नगर पालिका और राजस्व विभाग अपने स्तर पर वैधानिक कार्रवाई कर रहे हैं। पुलिस बल केवल सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किया गया था, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो। कार्रवाई से प्रभावित लोगों ने अपनी पीड़ा भी बताई। पीड़िता संतों ने कहा कि उनके पति बेरोजगार हैं, चार बच्चे हैं और वे घरों में झाड़ू-पोछा कर परिवार का पालन-पोषण करती हैं। उनका एकमात्र कमरा भी तोड़ दिया गया, अब उनके पास रहने का कोई ठिकाना नहीं बचा। इसी तरह मोहम्मद शाहिद ने बताया कि उनका मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बना था। मंगलवार शाम को नोटिस दिया गया और बुधवार सुबह ही मकान तोड़ दिया गया, जिससे उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला।

# तेज रफ्तार 108 एंबुलेंस ने 3 साल के मासूम को कुचला, मौत; चालक गिरफ्तार, परिजनों का हंगामा



छतरपुर। जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां तेज रफ्तार और लापरवाही का कहर एक मासूम बच्चे की जान पर बन आया। ग्राम कुसमा में बुधवार को एक अनियंत्रित 108 एंबुलेंस ने घर के बाहर खेल रहे 3 वर्षीय मासूम को कुचल दिया। हादसे के बाद एंबुलेंस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गांव की सड़क से गुजर रही 108 एंबुलेंस अचानक अनियंत्रित हो गई और खेल रहे बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद उसे मृत



घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने एसपी कार्यालय के बाहर काफी देर तक हंगामा किया और जाम की स्थिति बना दी। बाद में पुलिस की समझाइश के बाद जाम खुलवाया गया। घटना की सूचना मिलते ही महाराजपुर थाना पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस ने एंबुलेंस सहित चालक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में सीएसपी अरूण सोनी ने बताया कि महाराजपुर क्षेत्र में एक तीन साल के बच्चे की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी गई है।

## एनसीएल की दूधीचुआ, जयंत, अमलोरी एवं कृष्णशिला परियोजना ने सीएसआर के तहत ज़रूरतमंदों में बांटे कंबल

### 1100 लोग हुए लाभान्वित

भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दूधीचुआ, जयंत, अमलोरी एवं कृष्णशिला परियोजनाओं ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत जरूरतमंदों को निःशुल्क कंबल वितरण किया। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान सभी परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय पार्षद, सीएसआर टीम व अन्य उपस्थित रहे। एनसीएल परियोजनाओं द्वारा यह कार्य सिंगरौली परिक्षेत्र में बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए राहत प्रदान करने हेतु किया गया। एनसीएल दूधीचुआ परियोजना द्वारा वार्ड क्रमांक 13 एवं 19, जयंत परियोजना द्वारा वार्ड क्रमांक 17, अमलोरी परियोजना द्वारा संविदाकर्मियों को एवं कृष्णशिला परियोजना द्वारा ग्राम कोहरोल व कोहरौलिया में कंबल वितरण किया गया। इस दौरान कुल 1100 लोग लाभान्वित हुए। गौरतलब है कि एनसीएल कि सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा स्थानीय परिक्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए ज़रूरतमन्द लोगों को सर्दी के प्रकोप से बचाने हेतु विभिन्न स्थानों पर कंबल बांटे जा रहे हैं।



## 34वें कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस मीट 2025 में एनटीपीसी विंध्याचल को सर्वश्रेष्ठ सोशल मीडिया आउटरीच पुरस्कार से किया गया सम्मानित

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल ने 34वें कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस मीट (सीसी मीट) 2025 में 'सर्वश्रेष्ठ सोशल मीडिया आउटरीच' के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर संचार उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतिष्ठित आयोजन मानेसर में आयोजित किया गया। यह पुरस्कार परियोजना की ओर से श्री शंकर सुब्रमणियम वी, उप प्रबंधक (नैगम संचार) ने प्राप्त किया। उन्हें यह सम्मान श्री अनिल कुमार जड़ली, निदेशक (मानव संसाधन) एवं श्री सी. कुमार, कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन) द्वारा श्री के.एम. प्रशांत, महाप्रबंधक (नैगम संचार) तथा श्री बी.के. पांडेय, अपर महाप्रबंधक (नैगम संचार) की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।यह सम्मान एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा सोशल मीडिया के प्रभावी, समावेशी, निरंतर एवं समयबद्ध उपयोग को रेखांकित करता है, जिसके माध्यम से हितधारकों के साथ सशक्त संवाद स्थापित हुआ है। यह उपलब्धि पारदर्शी, प्रभावशाली एवं उत्तरदायी संचार के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करती है।



## जिला अधिवक्ता संघ चुनाव : अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ने 16 बिंदुओं का घोषणा पत्र किया जारी



छतरपुर। जिला अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शिव प्रताप सिंह चौहान ने बुधवार को एक निजी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से अपना 16 बिंदुओं का घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे और चुनाव जीतने पर उन्हें प्राथमिकता से पूरा करने का आश्वासन दिया।शिव प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि आगामी 19 दिसंबर को जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद सहित अन्य पदों के लिए मतदान संपन्न होगा। अध्यक्ष पद के लिए कुल 7 प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किए हैं, जिससे चुनावी मुकाबला रोचक हो गया है।प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान करना, संघ को मजबूत बनाना तथा अधिवक्ता समुदाय के हित में प्रभावी निर्णय लेना है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि यदि उन्हें अवसर मिला तो वे अपने घोषणा पत्र के सभी बिंदुओं को चरणबद्ध तरीके से लागू करेंगे। पत्रकारवार्ता में उनके साथ अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

# एनटीपीसी-विंध्याचल में सम्पन्न हुई 87वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक



सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के प्रशासनिक भवन सीवी रमन सभागार में दिनांक 17.12.2025 को मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा 876वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस समिति का मुख्य कार्य परियोजना के अंतर्गत विभागों/अनुभागों मे राजभाषा अधिनियम/नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना एवं अक्टूबर से दिसंबर, 2025 की तिमाही की इस दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा कर आगे की कार्रवाई के लिए मार्गदर्शन करना है। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की यह बैठक परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा ने राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की एवं हिंदी मे उत्कृष्ट कार्य कर रहें कर्मचारियों को प्रोत्साहन के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर ज्यादा से ज्यादा कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया । बैठक के आरंभ मे सर्वप्रथम परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक(मेंटीनेंस एवं एडीएम) श्री एम सुरेश, महाप्रबंधक(चिकित्सा) डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक(तकनीकी सेवाएँ) श्री देबव्रत त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) श्रीमती मृणालनी, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती कामना शर्मा, प्रबंधक(राजभाषा एनटीपीसी रिहंद) श्री पवन मिश्रा, अन्य अपर महाप्रबंधकगण एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के नोडल अधिकारियों का अभिनंदन किया गया । तत्पश्चात अक्टूबर से दिसंबर, 2025 तिमाही के दौरान राजभाषा अनुभाग की विशिष्ट उपलब्धियों की जानकारी व विगत बैठक के दौरान लिए गए विभिन्न निर्णयों की वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया। अंत में बैठक का समापन सहायक राजभाषा अधिकारी श्री कल्याण सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# एनटीपीसी विंध्याचल राजभाषा अनुभाग द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल में राजभाषा अनुभाग द्वारा परियोजना के प्रशासनिक भवन के सीवी रमन सभागार में दिनांक 17.12.2025 को वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान संकाय सदस्य के रूप में प्रबन्धक(राजभाषा) एनटीपीसी रिहंद श्री पवन मिश्रा उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यशाला में पधारे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता को पुष्पगुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया गया। परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री संजीव कुमार साहा नें अपने उद्बोधन में कार्यशाला की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस कार्यशाला से हम सभी को कार्यालयीन काम-काज को करने में सहायता मिलेगी। श्री मिश्रा द्वारा



बताए गए दैनिक कार्यों मे हिंदी के प्रयोग से संबंधित जानकारी से हमारी परियोजना को लाभ मिलेगा । साथ ही उन्होने यह भी कहा कि यह विशेष हिंदी कार्यशाला हिंदी के प्रचार प्रसार हेतु बहुत ही उपयोगी है और इस तरह की कार्यशाला से हम सभी मे हिंदी के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी। कार्यशाला के दौरान संकाय सदस्य के रूप में उपस्थित प्रबन्धक(राजभाषा) एनटीपीसी रिहंद श्री पवन मिश्रा ने हिंदी को राजभाषा बनाने हेतु संघर्ष एवं इतिहास, कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का प्रयोग, राजभाषा का महत्व आदि विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक(मेंटेनेंस एवं एडीएम) श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक(तकनीकी सेवाएँ) श्री देबव्रत त्रिपाठी एवं अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) श्रीमती मृणालिनी, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती कामना शर्मा के साथ-साथ सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, अपर महाप्रबंधकगण, राजभाषा विभागीय प्रतिनिधिगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**CHANGE OF NAME**

I, hitherto known as Sakshi Devi Kshatry D/O Jhamsingh, R/O Gram katra, post khaddi,VTC: Katra, PO: Gorihar, Sub District: Gaurihar, District: Chhatarpur,State: Madhya Pradesh,-471515, have changed my name and shall hereafter be known as SAKSHI DEVI KSHATRIY

